दिन—सोमवार | दिनांक— 02/03/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधिः— 05 मिनट

ईरान और इस्राएल—अमरीका के बीच जारी संघर्ष से पश्चिम एशिया में तनाव और बढ गया है। बढ़ते तनाव के बीच ईरान के एक सुरक्षा अधिकारी अली लारीजानी ने कहा है कि उनका देश अमरीका के साथ बातचीत नहीं करेगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमरीकी हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। श्री अराघची ने इन हमलों को आक्रामक गैरकानूनी कृत्य बताया और कहा कि ईरान की कार्रवाई आत्मरक्षा थी। इस बीच अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमरीका कुवैत में मारे गए अपने तीन सैनिकों की मौत का बदला लेगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि ईरान के नौ युद्धपोत डूब गए हैं और नौसेना का मुख्यालय भी काफी नष्ट हो गया है। इधर, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने कहा है कि वे ईरान के हमलों का मुकाबला करने के लिए अमरीका के साथ हैं। खाड़ी देशों के एक समूह ने कहा कि वे ईरानी हमलों का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

———————————————————————————

नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनाव से पहले भारत—नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर आज मध्यरात्रि से पांच मार्च तक सीमाएं सील रहेंगी। इस अवधि में सामान्य वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। भारतीय सीमा पर तैनात एस.एस.बी. के जवानों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गए हैं।

———————————————————————————

जनऔषधि सप्ताह के तहत देशभर में किफायती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राज्यभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन हो रहा है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत औषधि विभाग द्वारा पांच मार्च तक देशभर में दो सौ पचास से अधिक स्थानों पर स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रदेशभर में होली के त्योहार को लेकर उत्सव का माहौल है। आज मध्य रात्रि के बाद होलिका दहन किया जायेगा जबकि रंगोत्सव चार मार्च को मनाया जायेगा। पंचांगों के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा आज शाम चार बजे से शुरू होकर कल शाम तक रहेगी। होली को लेकर राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश के बाजारों में रौनक देखी जा रही है। रंग–गुलाल, पिचकारी और मिठाईयों समेत अन्य वस्तुओं की खरीददारी को लेकर बाजारों में दुकानें सजी हुई हैं। इस बीच, प्रदेशभर में होली के मौके पर शांति –व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

होलिका दहन को लेकर राजधानी पटना में भी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. और वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि होली के मौके पर पटना जिले के छह सौ सात स्थानों पर सात सौ अड़सठ मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं। श्री त्यागराजन ने बताया कि होली के दौरान अगलगी की घटना से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के चार सौ पचास से अधिक कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहेंगे।

बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने होलिका दहन के अवसर पर लोगों से दहन सामग्री में प्रदूषणकारी पदार्थों का उपयोग नहीं करने की अपील की है। पर्षद ने लोगों से टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक जैसे प्रदूषणकारी सामान नहीं जलाने को कहा है।

प्रदेश के अधिकतर स्थानों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान अट्ठाईस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस से तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस के बिच रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीनों दिनों के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद अगले तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना है।

———————————————————————————

समाप्त